संख्या–314/सत्तर–2–2022–16(11)/2017 टी०सी०

प्रेषक,

शमीम अहमद खान,
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2

लखनऊः दिनांकः 12 अप्रैल, 2022

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यकम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/ पाठ्यकमों को प्रारम्भ करने हेतु (शैक्षिक शिक्षा सत्र 2022–23 के लिए) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1168/सत्तर–2–2021–16(11)/2017 टी.सी. दिनांक 27.10.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यकम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यकमों को प्रारम्भ करने हेतु शैक्षिक शिक्षा सत्र, 2022–23 के लिये उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शैक्षिक शिक्षा सत्र 2022–23 के लिये उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों के अनुरोध पर ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु विशेष परिस्थिति में शासन द्वारा सम्यक विचारोंपरान्त निम्नवत् संशोधित समय–सारिणी निर्धारित की गई है:–

| क0 | कार्यवाही | निर्धारित समय–सारिणी | संशोधित समय–सारिणी |
|---|---|---|---|
| 1 | निरीक्षण मण्डल का गठन। | **दिनांक 28 फरवरी, 2022 तक**<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 18 फरवरी तक निरीक्षण मण्डल गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा । | **दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक**<br>अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 20 अप्रैल तक निरीक्षण मण्डल गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा । |
| 2 | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 31 मार्च, 2022 तक। | दिनांक 14 मई, 2022 तक। |



→2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 अप्रैल, 2022 तक। | दिनांक 20 मई, 2022 तक। |
| 4 | शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 मई, 2022 तक। | दिनांक 30 मई, 2022 तक। |
| 5 | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 15 जून, 2022 तक। | दिनांक 15 जून, 2022 तक। |

कृपया उक्त समय–सारणी एवं निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों का निस्तारण ससमय करें। आगामी शैक्षिक सत्र एवं शैक्षिक गुणवत्ता बनाये रखने के दृष्टिगत उपरोक्त समय–सारिणी में भविष्य में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।

भवदीय,

( शमीम अहमद खान )
सचिव।

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संदर्भ संख्या :................................/पी.ए./2022

दिनांक : ....................................

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली)

विषय : उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यकम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यकमों को प्रारम्भ करने हेतु (शैक्षणिक शिक्षा सत्र 2022–23 के लिए) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, इन्दिरा भवन, लखनऊ के उपरोक्त पत्र संख्या : 314/सत्तर–2–2022–16(11)/2017टी.सी., दिनांक 12.04.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सहयुक्तता हेतु निरीक्षण मण्डल के गठन, निरीक्षण आख्या प्रस्तुत किये जाने एवं सहयुक्तता प्रदान किये जाने हेतु संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है। अतः आपसे अनुरोध है कि सहयुक्तता (स्थायी/अस्थायी) हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करने एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें :–

| | |
|---|---|
| निरीक्षण मण्डल के गठन हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि | 20 अप्रैल, 2022 तक |
| निरीक्षण मण्डल का गठन | 30 अप्रैल, 2022 तक |
| निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना | 14 मई, 2022 तक |
| विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | 20 मई, 2022 तक |

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : R/469/22 दिनांक : 13/04/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी) को प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव